हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 17 जून 2025

11 शहर को हरा-भरा बनाने के लिए लगाए जाएंगे 1500 पेड़



12 निर्माणाधीन स्टेडियम का बोर्ड तोड़ा, जमीन पर ठोका दावा



॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय ॥
MR DEGREE COLLEGE
Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur (Rewari)
GET UPTO 100% SCHOLARSHIP
COURSE AVAILABLE
B.SC. (Medical) / B.SC. (Non-Medical)
B.A. / B.COM / M.SC. (Phy. & Chem.)
B.Ed. / JBT / D-PHARMA
ADMISSION OPEN
Session 2025-26
For Admission Visit College Campus
Bus Facility Available From All Routes
MITTERPURA (M/GARH) HRY.
9466886066, 9416903367, 9416903021
mrcollegemitterpura@gmail.com

# जिले में 14 हजार बीपीएल राशन कार्ड काटे, नहीं मिलेगा लाभ, लोग परेशान

- अब जून एवं जुलाई माह में जिले के 14 हजार परिवारों को नहीं मिलेगा सरकारी सस्ता राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

प्रदेश सरकार ने जिला महेंद्रगढ़ के लोगों को एक बड़ा झटका देते हुए करीब 14 हजार बीपीएल राशन कार्ड काट दिए हैं। इस फैसले से उन लोगों को अब सरकारी मुफ्त राशन नहीं मिलेगा, जिनके कार्ड काटे गए हैं। सरकार के इस कदम से गरीबी रेखा से नीचे जीवन व्यतीत करने वाले परिवार न केवल सरकारी मुफ्त राशन, बल्कि अन्य कई सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने से भी वंचित हो जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों की सालाना इनकम के हिसाब से पैरामीटर तय कर रखे हैं, जिन परिवारों की सालाना आय 1.80 हजार रुपये से कम है, उन्हें बीपीएल की श्रेणी में रखा गया है। इस कैटेगरी को भी तीन अलग-अलग श्रेणियों में एक लाख, एक लाख 40 हजार एवं एक लाख 80 की श्रेणी में बांट रखा है तथा इन्हें अपनी-अपनी श्रेणी अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, लेकिन एक सामान्य बात है कि जिन परिवारों की सालाना आय 1.80 लाख रुपये से कम है, उन सभी के बीपीएल के पीले एवं गुलाबी कार्ड बना रखे हैं तथा इन सभी को सस्ता राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है, लेकिन जून महीने में सरकार ने जिला महेंद्रगढ़ में लगभग 14 हजार बीपीएल राशन कार्ड काट दिए हैं। जिला महेंद्रगढ़ में पिछले महीने मई में 1,84,439 राशन कार्ड बीपीएल के थे, लेकिन जून में अब 174403 राशन कार्ड ही रह गए हैं।

जुलाई माह में भी चार हजार लोगों के राशन काटने की सूची को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस प्रकार जून एवं जुलाई माह में कुल 14 हजार राशन काट दिए गए हैं, जिन्हें अब सस्ता राशन नहीं मिलेगा।



नारनौल। राशन डिपो पर खड़े लोग। फोटो : हरिभूमि

### कार्ड कटने के पीछे का कारण

सरकार ने जिन लोगों के राशन कार्ड काटे हैं, उनके बारे में कहा गया है कि ये वे परिवार हैं, जो गरीबी रेखा से ऊपर हैं और सरकारी सुविधाओं के योग्य नहीं हैं। सरकार का मानना है कि इन परिवारों को सरकारी सहायता की आवश्यकता नहीं है और उन्हें अपने संसाधनों से अपना जीवन यापन करना चाहिए। जिन लोगों के राशन कार्ड कटे हैं, उन परिवारों की सालाना आय अब 1.80 लाख से ऊपर हो चुकी है और उन परिवारों में चार पहिया गाड़ियां, एयर कंडीशनर, आलीशान बंगले एवं अन्य अमीरों जैसी सुख-सुविधाएं मौजूद हैं।

### यह कहते हैं अधिकारी

एडीएफएससी अरुण कुमार सैनी ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि सरकारी सुविधाओं का लाभ केवल जरूरतमंदों तक पहुंचे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह गरीबी रेखा से नीचे जीवन व्यतीत करने वाले परिवारों की पहचान करने और उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### लोगों की प्रतिक्रिया

इस फैसले से प्रभावित लोगों में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखी जा रही है। कुछ लोगों ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है, लेकिन ज्यादातर में नाराजगी है, क्योंकि उन्हें मिल रही सरकारी राशन अन्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। हालांकि कुछ लोग मानते हैं सरकार मुफ्त राशन देकर आमलोगों की आदतें खराब कर रही है तथा वह कमाने की बजाए घर बैठकर निठल्ले होते जा रहे हैं। वहीं, अधिकांश लोग इस फैसले से परेशान हैं और उन्हें लगता है कि सरकार की इस कार्रवाई से उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इससे वह गरीब परिवार खाना खाने में ही जुटे रहेंगे और अपने परिवार के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान केंद्रित नहीं कर सकेंगे। राशन कार्ड कटने पर ओमप्रकाश मांडैया एवं अमरसिंह छिलरो ने बताया कि सरकार गरीबों के राशन कार्ड काटकर उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित कर रही है। इससे गरीब लोगों को राशन जुटाने में परेशानी होगी।

## खबर संक्षेप

### बिजली उपभोक्ताओं के लिए अदालत आज

**नारनौल।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष बिजली अदालत का आयोजन 17 जून को सर्कल कार्यालय सिंघाना रोड में किया जाएगा। अधीक्षक अभियंता जोगेंद्र हुड्डा ने बताया कि बिजली अदालत सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक संचालित की जाएगी। हुड्डा ने बताया कि इस अदालत में उपभोक्ता बिजली कनेक्शन से संबंधित शिकायतों, बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### मारपीट करने के मामले में दो और गिरफ्तार

**नारनौल।** नांगल चौधरी दोस्तपुर में आपसी रंजिश के चलते बदला लेने की नियत से योजना बनाकर घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना नांगल चौधरी पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान सुरेन्द्र वासी रोपड़ सराय निजामपुर व राहुल वासी दोखेरा के रूप में हुई। पुलिस ने पूछताछ में आरोपितों से डंडे बरामद किए और आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कोटिया में कुएं पर रखे फव्वारा सेट चोरी

**कनीना।** कनीना सिटी थाना अंतर्गत कोटिया गांव में कुएं पर रखे फव्वारा सेट को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। इस बारे में किसान इंद्रसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लिसान की सीमा में उनका कुआं है। जहां उन्होंने पीतल की नोजल वाला फव्वारा सेट रखा हुआ था। जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### बंद मकान में नकदी व आभूषण किए चोरी

**नारनौल।** शहर में चोरों ने एक बंद मकान से हजारों रुपये की नकदी व हजारों रुपये के सोने चांदी के जेवरात तथा अन्य सामान चुरा लिया। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में मूल रूप से मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला के गांव थाने पुखरा के रहने वाले अनिल कुमार ने बताया कि वह मालीटिब्बा में पूरे परिवार के साथ पिछले तीन साल से गिरधारीलाल के मकान में रह रहा है। एक मई को वह अपने परिवार के साथ गांव में चला गया था। इसके बाद वह गांव से वापस नारनौल आया। उसने देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है। कमरे में रखी हुई संदूक व अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था।

### शहीद हमारे गौरव हैं तो महर्षि हमारे पूज्य : वशिष्ठ

# महर्षि च्यवन ही रहेगा मेडिकल कॉलेज का नाम, जुटाएंगे जनसमर्थन

ढोसी व इसके आसपास कई किलोमीटर के क्षेत्र में महर्षि च्यवन का आश्रम था। 9000 वर्ष से आज तक महर्षि च्यवन के नाम से यह क्षेत्र पहचाना तथा पूजा जाता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

महर्षि च्यवन के नाम पर अधिसूचित मेडिकल कॉलेज कोरियावास का नाम ना बदला जाए, इसके लिए जिलेभर या अन्य जिलों के सामाजिक व जातिय संगठनों का समर्थन हासिल किया जाएगा। यदि सरकार अधिसूचित नाम महर्षि च्यवन चिकित्सा महाविद्यालय कोरियावास से नाम बदलती है, तो पहले जनसमर्थन फिर न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से भी गुरेज नहीं होगा। यह बात सोमवार एक निजी होटल में सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मनीष वशिष्ठ ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से कही। इस पत्रकारवार्ता में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल, प्रजापत समाज के अध्यक्ष संतलाल प्रजावत एवं सैनी सभा के अध्यक्ष बलबीर सैनी भी उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि जिला के गांव कोरियावास में लगभग 80 एकड़ भूमि पर 800 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया है। प्रदेश सरकार ने 16 मार्च 2023 को महर्षि च्यवन के नाम पर मेडिकल कॉलेज के नाम पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी थी तथा 12 फरवरी 2024 को राज्यपाल से अनुमोदन होने के पश्चात गजट में अधिसूचना जारी करके इस मेडिकल कॉलेज का नाम 'महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास' के नाम से अधिसूचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि वैदिक काल में इसी क्षेत्र में महर्षि च्यवन ने घोर तपस्या की थी। ढोसी व इसके आसपास कई किलोमीटर के क्षेत्र में महर्षि च्यवन का आश्रम था। करीब 9000 वर्ष से आज तक महर्षि च्यवन के नाम से यह क्षेत्र पहचाना तथा पूजा जाता है। महर्षि च्यवन, भृगु संहिता के रचियता, महर्षि भृगु के पुत्र हैं तथा यहीं से भार्गव वंश स्थापित हुआ है। महर्षि च्यवन का चिकित्सा क्षेत्र में अहम योगदान रहा है। उन्होंने ऐसे रसायन च्यवनप्राश का निर्माण किया, जो योवन व ऊर्जा प्रदान करता है। विश्व की सबसे प्रथम पुस्तक ऋगवेद व सामवेद में जब जब अश्वनी कुमारों से संबंधित ऋचाओं का गायन किया गया, तब तब महर्षि च्यवन का नाम आया है। महर्षि च्यवन उस श्रेणी के ऋषि हैं, जिसमें महर्षि वशिष्ठ, महर्षि भारद्वाज, महर्षि अंगीरा, महर्षि विश्वामित्र आदि सम्मलित हैं। उस समय के महान राजा शर्याति, जो महाराज मनु के पुत्र थे, ने महर्षि च्यवन से अपनी पुत्री सुकन्या का विवाह किया था। इसी से उनकी योग्यता एवं प्रतिष्ठा का पता चलता है।



नारनौल। मीडिया से बातचीत करते मनीष वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

### मनीष बोले, इन प्रश्नों का सार्वजनिक मंचों से दें उत्तर

- क्या ये जनप्रतिनिधि 23 सितम्बर को राव तुलाराम के शहीदी दिवस पर फोटो खिंचवाने के अलावा कभी समय निकाल कर उनके शहीदी स्थल पर जाते हैं?
- गत 70 वर्ष से अहीरवाल की राजनीति करने वाले तथा सक्रिय रहने वाले नेताओं ने सत्ता में रहते हुए, अब से पहले कभी अहीरवाल क्षेत्र (गुरुग्राम, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़) में एक भी संस्था का नाम राव तुलाराम नाम से रखवाने का प्रयास किया है?
- अब तक माजरा रेवाड़ी में बनने वाले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का नाम नहीं रखा गया है। क्या इस एम्स का नाम राव तुलाराम के नाम पर करवाने के लिए इनके द्वारा कोई ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री या केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को दिया गया है?
- क्या इन जनप्रतिनिधियों द्वारा गलत तरीके से महर्षि च्यवन के नाम का बोर्ड तोड़ कर सरकारी सम्पति का नुकसान करने वालों से बात की या उन्हें समझाया की इस तरह के कृत्य उचित नहीं हैं।
- क्या उस समय कोई आन्दोलन हुआ, जब प्रदेश में बैठी एक सरकार ने राव तुलाराम पर अभद्र टिप्पणी करते हुए, 23 सितम्बर शहीदी दिवस की छुट्टी को रद्द कर दिया था। उस राव तुलाराम की राजनीति करने वाले नेताओं ने मंत्रीमंडल या विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दिया या कोई आन्दोलन करवाया?
- क्या शहीदी दिवस की दुबारा छुट्टी की धोषणा करवाने में इनका कोई योगदान है?
- क्या रेवाड़ी व महेन्द्रगढ़ में राव तुलाराम चौक के नामकरण एवं वहाँ मूर्तियां स्थापित करवाने में उनका कोई योगदान रहा? क्या वो प्रतिमाएं उन नेताओं या संस्थाओं ने स्थापित नहीं की जिन्होंने कभी राव तुलाराम की राजनीति का कोई लाभ नहीं लिया?
- क्या दिल्ली के पॉश इलाके में स्थित राव तुलाराम मार्ग पर स्थित राव तुलाराम कॉलेज को स्थिति को सुधारने या उसमें बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए कोई कार्य किया?
- क्या एक वैदिक कालीन महर्षि के बोर्ड को तोड़ कर, उसकी जगह राव तुलाराम के नाम का बोर्ड लगाने या लगाने की मांग करने वाले लोग शहीद राव तुलाराम के गौरव को कम नहीं कर रहे हैं।

### राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए चंद लोग चला रहे मुहिम

मनीष वशिष्ठ ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि गत कुछ दिनों से किसी राजनैतिक स्वार्थ की पूर्ति हेतु चन्द लोगों द्वारा एक मुहिम चलाई हुई है, कि सरकार द्वारा अधिसूचित नाम जो महर्षि च्यवन के नाम पर रखा जा चुका है, को बदल कर शहीद राव तुलाराम के नाम पर रखा जाए। नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव ने मेडिकल कॉलेज का नाम महर्षि च्यवन से बदल कर शहीद राव तुलाराम के नाम पर रखने की वकालत की है। महेन्द्रगढ़ में प्रदेश के मुख्यमंत्री आए थे तो मंच से सांसद धर्मबीर सिंह ने भी इस कॉलेज का नाम परिवर्तित करने की बात की थी, नांगल चौधरी की विधायिका मंजू चौधरी ने भी नाम बदलने को उपयुक्त बताया था। मनीष वशिष्ठ ने कहा कि इन जनप्रतिनिधियों के ये बयान दुर्भाग्यपूर्ण हैं तथा राजनीति से प्रेरित हैं। पर्दे के पीछे से अपने किसी राजनीतिक आका के इशारे पर उनके चुनावी एहसानों को बदला उतारने के लिए ऐसे ब्यान नहीं देने चाहिएं, जिससे किसी महर्षि का अपमान हो तथा समाज में जातिगत वैमनस्य फैलने की संभावना हो। उन्होंने सांसद व नारनौल विधायक से आग्रह है कि वो अमर शहीद राजा राव तुलाराम के नसीबपुर स्थित शहीद स्मारक को भव्य रूप दिलाएं। इस स्मारक में अमर शहीद राजा राव तुलाराम जी से संबंधित सभी वस्तुओं व ऐतिहासिक तथ्यों का वर्णन हो, ताकी नई पीढ़ी उनके व अन्य वीरों के बलिदान के बारे में जान सके।

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**नांगल चौधरी।** नांगल चौधरी के एक गांव में मानसिक रूप से अस्वस्थ्य नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले चारों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया। जहां न्यायधीश ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में नसीबपुर जेल में भेज दिया। तीन अन्य आरोपितों का मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पीड़ित 13 वर्षीय छात्रा पड़ोस की दुकान से नींबू लेने के लिए घर से निकली थी, लेकिन रास्ते में बैठे चारों आरोपितों ने मानसिक रूप से बीमार छात्रा को बहला फुसला लिया व एक पुराने खंडहर में ले गए। जहां सामूहिक रूप से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। दूसरी तरफ छात्रा के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को संदेह हो गया और तलाश करती हुई मम्मी उसी खंडहर में पहुंच गई। जहां पीड़िता को बंधक बनाकर रखा हुआ था। पुत्री को साथ लेकर घर पहुंची माता ने पति को दुष्कर्म की घटना से अवगत कराया। इसके बाद नांगल चौधरी थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

### पीड़िता को करवाई पुलिस सुरक्षा मुहैया

थाना इंचार्ज छत्रपाल चौधरी ने बताया कि पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपितों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत दुष्कर्म का केस दर्ज है। आरोपित को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश कर दिया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता को हर संभव पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम

**महेंद्रगढ़।** माजरा चुंगी के पास गाड़ी ने एक व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। जयपुर ले जाते वक्त व्यक्ति ने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं। बहरोड निवासी मृतक के जीजा ने पुलिस का दिए बयान में बताया कि वह गांव सिसोठ में शादीशुदा हैं। बीती 12 जून को वह अपने ससुराल आया हुआ था। वह व साला संदीप यादव वासी सिसोठ किसी काम से संदीप यादव की मोटर साईकिल पर सवार होकर सिसोठ से शहर महेंद्रगढ से किसी काम से जा रहे थे। रास्ते में माजरा चुंगी से पहले जब वह मोटर साइकिल चला रहा था तो साला संदीप यादव पीछे बैठा था। जब समय करीब साढ़े सात बजे माजरा चुंगी से पहले अपनी बाइक साईड में खड़ी कर दुकान से सामान लेने चला गया। साला संदीप यादव बाइक के पास खड़ा हो गया। उसी समय माजरा चुंगी की तरफ से एक गाड़ी का चालक अपनी गाड़ी तेज रफ्तार, गफलत, लापरवाही से चला रहा था। गाड़ी चालक ने साइड़ में खड़ी बाइक व साला संदीप यादव को सीधी टक्कर मार दी।

### महेंद्रगढ़ के दोनों कॉलेजों में 2360 सीट पर आए है 1571 आवेदन, 781 सीट अभी भी खाली

# आवेदन प्रक्रिया हुई पूरी, 30 प्रतिशत सीटें रह गई खाली

- उच्चतर शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में दाखिले के लिए विद्यार्थियों को दिया था 16 जून तक का समय, 26 जून को जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

उच्चतर शिक्षा विभाग जारी शेड्यूल के अनुसार स्नातक विषय में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। महेंद्रगढ़ के दोनों कॉलेजों में 2360 सीट पर 1571 आवेदन आए है। अभी 781 सीट खाली रह गई है। 26 जून को पहली मेरिट सूची जारी होगी।

बता दें कि गत माह उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से स्नातक कोर्स के दाखिले का शेड्यूल जारी किया गया था। विभाग की ओर से कॉलेजों 14 से 17 मई तक पोर्टल पर डाटा अपलोड़ करने का समय दिया गया था। वहीं विद्यार्थियों को नौ जून तक ऑनलाइन आवेदन करने का समय दिया गया था, लेकिन कॉलेज में करीब 50 प्रतिशत सीट खाली रह गई थी। ऐसे विभाग की ओर से एक सप्ताह के लिए अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया था।

विभाग की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार 17 जून की रात 12 बजे तक अपने आवेदन में सुधार कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अभी भी कॉलेजों में 30 प्रतिशत सीटे खाली रह गई है। 26 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। मेरिट लिस्ट में शामिल विद्यार्थी 30 जून तक फीस भर कॉलेज में दाखिला ले सकेंगे।



महेंद्रगढ़। राजकीय महिला महाविद्यालय। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़

| कोर्स | सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| बीए | 600 | 361 |
| बीकॉम | 80 | 48 |
| बीसीए | 40 | 60 |
| लाइफ साइंस | 160 | 44 |
| फिजिकल साइंस | 400 | 142 |
| कुल | 1280 | 655 |

### राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़

| कोर्स | सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| बीए | 720 | 498 |
| अंग्रेजी आनर्स | 40 | 16 |
| बीकॉम | 160 | 67 |
| लाइफ साइंस | 80 | 192 |
| फिजिकल साइंस | 80 | 174 |
| कुल | 1080 | 916 |

### 30 प्रतिशत सीटें खाली

राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में 1260 सीट पर 655 आवेदन आए है। इनमें से 648 आवेदन की जांच हो चुकी है। जबकि 7 आवेदन पत्रों की जांच होनी बाकी है। कॉलेज में अभी भी 800 सीटें खाली है। राजकीय महिला महाविद्यालय में 1080 सीट पर 916 आवेदन आए है। इनमें से 427 छात्राओं ने कॉलेज को पहली पसंद चुना है। कॉलेज प्रबंधन ने 405 आवेदन पत्रों की जांच पूरी कर ली है। 22 आवेदन पत्रों की जांच बाकी है।

### यह रहेगा आगामी दाखिला शेड्यूल

- 17 जून तक आनलाइन आवेदन करने के दौरान रही त्रुटियां सुधार कर सकेंगे।
- 18 जून सभी आवेदकों की आपत्तियों/विसंगतियों (यदि कोई हो) के साथ सूची जारी होगी।
- 22 जून तक कॉलेजों द्वारा ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन और छात्र लागिन से आवेदकों के आपत्तियों/ विसंगतियों का सुधार (यदि कोई हो)।
- 23 जून मेरिट सूची के लिए सभी पात्र आवेदकों की सूची प्रदर्शित होगी।
- 25 जून प्रथम अस्थायी मेरिट सूची जारी होगी।
- 26 जून प्रथम मेरिट सूची जारी होगी।
- 27 से 30 जून प्रथम मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थी फीस जमा करा सकेंगे।
- 2 जुलाई को अस्थायी दूसरी मेरिट सूची जारी होगी।
- 3 जुलाई को दूसरी मेरिट सूची जारी होगी।
- 4 से 7 जुलाई तक मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थी फीस जमा करा सकेंगे।
- 9 जुलाई को खाली सीटों पर फिजिकल काउंसिलिंग होगी।
- 10 जुलाई को दोबारा से पोर्टल ओपन होगा।
- 11 से 17 जुलाई तक विद्यार्थी फिजिकल काउंसिलिंग के दौरान 100 रुपये देकर दाखिला ले सकेंगे।
- 18 से 24 जुलाई तक विद्यार्थी फिजिकल काउंसिलिंग में शामिल होकर प्रतिदिन 100 रुपये के हिसाब अतिरिक्त फीस भरकर दाखिला ले सकेंगे।

# हरिभूमि सहेली



विशेष : विश्व संगीत दिवस 21 जून

# संगीत जीवन में देता है शांति-सुकून

संगीत हमारे जीवन में कितना उपयोगी है, यह कम ही लोग समझते हैं। महिलाओं के जीवन में तो संगीत और भी ज्यादा महत्व रखता है। वे घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारी निभाते हुए तनाव से घिरी रहती हैं। ऐसे में सुमधुर संगीत सुनना, उन्हें एक सुकून देता है। संगीत हमारे भीतर हैप्पी हार्मोंस बढ़ाकर, हमारी हीलिंग करके अंत:शक्ति बढ़ाता है। तो संगीत से जुड़िए, स्वस्थ रहिए और अपनी जिंदगी को खुशियों से भरिए।



आवरण कथा
मीता पंडित, शास्त्रीय गायिका

संगीत केवल कला ही नहीं, जीवनशैली भी है। यह एक ऐसी जीवनधारा है, जो व्यक्ति को भीतर से संवारती है। यह जो भीतर से संवारना है, यह बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर महिलाओं के जीवन में। हम इस बात को समझें कि जब जीवन में संगीत प्रवेश करता है तो यह केवल स्वर या सुर-ताल का सौंदर्य नहीं होता, यह हमारे मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य और आत्मबल यानी जीवन का मूलाधार है, उसे बैलेंस करता है। इससे जीवन में संतुलन का स्रोत बन जाता है। ऐसा बहुत-सी महिलाओं में होते हुए देखा जा सकता है।

**हीलिंग का माध्यम:** आज के दौर में जब महिलाएं घर और बाहर की जिम्मेदारियों के चलते मानसिक तनाव, दबाव और शारीरिक असंतुलनों से त्रस्त हैं, प्रभावित हैं, ऐसे में संगीत उनके लिए हीलिंग का एक सशक्त माध्यम है। इस तरह संगीत जीवन में औषधि की तरह काम करता है। संगीत का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। यह बात विशेष रूप से महिलाओं के संदर्भ में इसलिए कही जा सकती है, क्योंकि महिलाओं को कई तरह की हार्मोनल समस्याओं से भी जूझना पड़ता है। आज जिस प्रकार की महिलाओं की जीवनशैली है, उसमें इतनी सारी कृत्रिमताएं हैं, खान-पान में मिलावट है, लाइफस्टाइल बिगड़ा हुआ है। वे जॉब कर रही हैं और घर भी संभाल रही हैं। दोनों ही जिम्मेदारियों में खुद को श्रेष्ठ भी साबित करना चाहती हैं। यह दोहरी जिम्मेदारी महिलाओं को बहुत ज्यादा तनाव में डाल देती है। ऐसे में संगीत को यदि आप अपने जीवन में शामिल करती हैं तो यह आपको तनाव और चिंताओं से राहत देगा।



**पैदा होते हैं हैप्पी हार्मोंस:** गायन, वादन और रियाज के दौरान हमारे मस्तिष्क में कई हैप्पी हार्मोंस पैदा होते हैं। जैसा डॉक्टर्स भी बताते हैं कि हैप्पी हार्मोंस (जैसे- डोपामाइन, सेरोटोनिन, एंडोर्फिन और ऑक्सीटोसिन) चिंता, तनाव, अवसाद को कम करने के साथ खुशी, संतुष्टि और सकारात्मक सोच को बढ़ाने में मदद करते हैं। यह बड़ी महत्वपूर्ण बात है। इसके अलावा संगीत मन को हल्का महसूस कराता है। इस पर कई शोध हो चुके हैं कि संगीत का अभ्यास करने से एकाग्रता बढ़ती है। यह मन को स्थिर करता है। यह संगीत की अद्भुत क्षमता है। इसलिए चाहे घरेलू-कामकाजी महिलाएं हों या फिर स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियां, संगीत सभी के लिए बहुत लाभकारी है।



**बढ़ता है आत्मिक संतुलन:** संगीत, भावनात्मक संतुलन बनाता है, साथ ही एक्सप्रेशन का माध्यम भी है। सुरों के माध्यम से जब महिलाएं अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति देती हैं, उससे उनका आत्मिक संतुलन बढ़ता है। संगीत का शरीर पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। संगीत के नियमित अभ्यास से श्वसन प्रणाली बेहतर काम करती है। जब आप लंबी सांस लेते हैं, नियंत्रित श्वास लेते हैं या पेट की गहराई से सांस लेते हैं (ये सभी गायकों/संगीतकारों द्वारा की जाने वाली एक्सरसाइज हैं) तो इससे फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है, इससे शरीर में ऑक्सीजन का बेहतर संचार होता है।

**नींद में सुधार:** आज बहुत सारे लोग अनिद्रा के शिकार हैं। इस समस्या में भी संगीत लाभकारी है, क्योंकि इससे नींद में भी सुधार होता है। मेरा खुद का अनुभव है, जब मैं रात को लाइट बंद कर रियाज करती हूं, इसके बाद सोती हूं तो मुझे बहुत अच्छी नींद आती है। नींद की गुणवत्ता (जिसे कहते हैं साउंड स्लीप) भी बहुत बढ़ जाती है। संगीत से अनिद्रा, बेचैनी, मानसिक थकान जैसी कई समस्याएं दूर हो जाती हैं। यह शरीर में होने वाले दर्द में भी राहत देता है।

**टीमवर्क की भावना और क्षमता का विकास:** जब आप मंच पर गायन/संगीत प्रस्तुत करती हैं तो यह आपको आत्माभिव्यक्ति के साथ ही सार्वजनिक पहचान भी देता है। सार्वजनिक पहचान से आत्मविश्वास बढ़ता है, क्योंकि आप वाद्ययंत्रों के साथ संगीत प्रस्तुत करती हैं, इसलिए इससे टीमवर्क की भावना और क्षमता का विकास होता है। सबको साथ लेकर चलने की क्षमता बढ़ती है। संगीत कलात्मक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है।

**जरूरी नहीं संगीत की विधिवत शिक्षा लें:** संगीत से जुड़ने के लिए जरूरी नहीं कि आप विधिवत संगीत की शिक्षा ही लें। आप यह लाभ संगीत सुनकर भी ले सकती हैं। संगीत सुनकर आनंद महसूस कर सकती हैं। काम करते-करते साथ में गाने भी गा सकती हैं। अगर आप रोज कुछ समय अपने पसंदीदा गाने और संगीत या कोई वाद्ययंत्र सुनेंगी तो यह बहुत फायदा देगा। आप कुछ भी सुनें, शास्त्रीय संगीत, भजन, सूफी गाने, लोरी, लोकसंगीत, उससे मन को बहुत शांति मिलती है, क्योंकि संगीत मन को छू जाता है।

**कभी भी सुन सकती हैं संगीत:** संगीत सुनने के लिए आपको अलग से समय निकालने की जरूरत भी नहीं होती। आप कोई भी घरेलू काम चाहे साफ-सफाई हो, खाना बनाना या कपड़े धोना, कुछ भी करते हुए संगीत सुन सकती हैं। आप रेडियो पर गाने सुनते-सुनते काम कर सकती हैं। इससे काम की थकान महसूस नहीं होगी। जब आप योग और ध्यान लगाती हैं, उस समय भी मंत्र और श्लोक वाले आध्यात्मिक संगीत का लाभ ले सकती हैं। साथ में उच्चारण कर सकती हैं। छोटे बच्चों को सुलाते समय कोई लोरी सुना सकती हैं, बच्चे जल्दी सो जाएंगे। यू-ट्यूब, रेडियो के साथ ही अब कई म्यूजिक एप्स भी आ गए हैं, जहां अच्छा संगीत सुना जा सकता है।

**जीवन में संगीत को जरूर शामिल करें:** अगर आप अच्छा नहीं गा पातीं तो कोई फर्क नहीं पड़ता, बस आप गाने के साथ गुनगुनाइए। साथ ही हमारे जो लोकपर्व और सामाजिक-पारिवारिक आयोजन होते हैं, उसमें लोकगीत गाएं। आपको बहुत अच्छा महसूस होगा। विवाह संगीत में शामिल हों। तीज, करवाचौथ, जागरण, माता की चौकी या ऐसे ही जो समय-समय पर पर्व आते हैं, उसके गीत-संगीत कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लें। यह मन को शांति महसूस कराता है। संगीत का लाभ सुनकर भी लिया जा सकता है। जीवन में संगीत को किसी न किसी रूप में शामिल जरूर करें। इससे जीवन में परिवर्तन, शांति और सुकून आप खुद महसूस करेंगी।

प्रस्तुति: रेणु खंतवाल



हर किसी का मुस्कुराता हुआ चेहरा बहुत प्यारा लगता है। इससे सिर्फ हमें ही नहीं हमारे संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति को बहुत अच्छा महसूस होता है। मुस्कुराने के और फायदों के बारे में जानकर आप मुस्कुराए बिना नहीं रह पाएंगी।

# मुस्कुराइए जिंदगी हो जाएगी खुशनुमा

लाइफस्टाइल
शिखर चंद जैन

दुनिया भर के विद्वानों, मनोवैज्ञानिकों, डॉक्टरों और महापुरुषों ने मुस्कुराहट की महिमा का बखान किया है। हर रोज सुबह उठकर आईने में देखते हुए मुस्कुराने की आदत डालें, आपका दिन खुशगवार गुजरेगा। यही नहीं अनेक शोध भी मुस्कुराने के तमाम फायदों को प्रमाणित करते हैं।

**स्ट्रेस होता है कम:** कई शोधों में प्रमाणित हो चुका है कि मुस्कुराने से स्ट्रेस कम होता है, उम्र कम दिखती है, बीमारियों की आशंका कम होती है और उम्र बढ़ती है। बड़ी-बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां, स्कूल और अन्य संस्थान इन दिनों अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और छात्रों को मुस्कुराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हाल ही में चीन में एक फेमस फूडचेन ने अपने ग्राहकों को एक बार की खरीदारी के भुगतान के रूप में सिर्फ मुस्कुराने को कहा। कुछ समय पहले 'यूनिवर्सिटी ऑफ कंसास' के अनुसंधानकर्ताओं ने अपनी एक स्टडी में पाया कि मुस्कुराने से हमारा शरीर किसी भी स्ट्रेस के प्रति कम प्रतिक्रिया देता है और स्ट्रेसफुल टाइम में हार्ट रेट सही रखता है।



**पॉजिटिव इफेक्ट:** एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि मुस्कुराने से बीपी सही रहता है, आयु लंबी होती है। 'दी एस्टोनिशिंग पावर्स ऑफ अ सिंपल एक्ट' की लेखिका रौन गटमैन कहती हैं, 'एक सच्ची मुस्कान आपके ब्रेन में ठीक वैसा ही स्टिमुलेशन उत्पन्न कर सकती है, जैसा 2000 चॉकलेट खाने पर होता है।' स्माइल कोच फ्रैंक मेलिंडर का कहना है, 'स्माइल एक्सरसाइज आपके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालती है और आपको पूरी तरह एक पॉजिटिव पर्सनालिटी में ट्रांसफर कर सकती है। आपको कई हफ्तों तक इसकी प्रैक्टिस करनी चाहिए ताकि आगे चलकर यह आपके अवचेतन मन में बैठ जाए और आपकी पर्सनालिटी का हिस्सा बन जाए।'

**बढ़े कॉन्फिडेंस-मिले सक्सेस:** 'जर्नल ऑफ पर्सनालिटी एंड सोशल साइकोलॉजी' में विशेषज्ञों और मनोविज्ञानियों ने एक लेख लिखा है, 'इफेक्ट्स ऑफ सेल्फ जेनरेटेड फेशियल एक्सप्रेशंस।' इसमें कहा गया है कि जो लोग दिन में कई बार आदतन मुस्कुराते हैं, उनकी छवि एक सफल और आत्मविश्वासी इंसान की बन जाती है। मुस्कुराने वाले लोगों का प्रमोशन होने की संभावनाएं, उदास या गंभीर दिखने वाले लोगों से ज्यादा होती है।


**मिलती है खुशी:** एक शोध से यह भी पता चला है कि मुस्कुराने से खुशी मिलती है, ना कि खुश रहने वाले ज्यादा मुस्कुराते हैं। सच तो यह है कि अगर आप झूठ-मूठ भी मुस्कुरा दें तो आपका मूड अच्छा हो सकता है। इसलिए आप खुद मुस्कुराइए और दूसरों को भी मुस्कुराने को प्रेरित कीजिए।



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# जब स्किन हो जाए टैन अपनाएं ये होम रेमिडीज

गर्मी के मौसम में सन टैनिंग की वजह से स्किन डल हो जाती है और फेस का अट्रैक्शन कम होने लगता है। टैनिंग दूर करने के लिए आप महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का यूज करती हैं, लेकिन कई बार केमिकल बेस्ड होने की वजह से ये स्किन के अनुकूल नहीं होते हैं। इससे कई प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इनसे बचने के लिए आप कुछ होममेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं, जो सन टैनिंग से बचाने के साथ ही आपकी स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनाएंगे।



**नीबू का फेस पैक:** नीबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधे घंटे लगा रहने दें। बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्राकृतिक तरीका है। दूध में विद्यमान प्राकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्नीशियम, कैल्शियम आदि त्वचा को पोषण प्रदान करते हैं। एक चम्मच चीनी और एक चम्मच नीबू के रस को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं।



**पपाया फेस पैक:** पपीते का फेस पैक टैनिंग दूर करने में काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए पके पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें। इसमें नीबू के रस की कुछ बूंदें मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर अपने आप सूखने दें। इसके बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इन दिनों उमस भरी गर्मी के मौसम में आप रोजाना लगा सकती हैं।

**खीरे का फेस पैक:** टैनिंग दूर करने और कूल इफेक्ट देने में खीरा बहुत प्रभावी है। खीरे का कट-अप स्लाइस आंखों पर रखने से आपको आराम मिलेगा। इसका फेस पैक आपकी स्किन को हाइड्रेट करता है। यह आपकी त्वचा की रंगत को भी निखारता है, क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं। इस बनाने के लिए खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नीबू का रस और एक रुई चाहिए। इस फेस पैक को बनाने के लिए पहले खीरे को कद्दूकस कर लें। उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा-सा नीबू का रस निचोड़ लें। इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें।

योगोपचार
हेतल शाह, योग एक्सपर्ट

उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं में अकड़न, शारीरिक दर्द, वीक बोंस समेत कई हेल्थ प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इनसे बचाव के लिए जरूरी है कि आप कुछ आसनों का नियमित अभ्यास करें।

# मिड एज में हेल्थ प्रॉब्लम्स बचाव में कारगर योगासन

मिड एज और उसके बाद शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योगासन बहुत लाभकारी होता है। 40 की उम्र के बाद महिलाओं में कई तरह के हार्मोनल बदलाव आते हैं, जिसके कारण उनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर हम आपको कुछ आसनों के बारे में बता रहे हैं, जिनके अभ्यास से इन रोगों से बच सकती हैं।



## भुजंगासन

**विधि:** इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अपनी कोहनियों को कमर से सटाकर रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। अब धीरे-धीरे सांस भरते हुए, अपनी छाती को ऊपर की ओर उठाएं। उसके बाद अपने पेट को धीरे-धीरे ऊपर उठा लें। इस स्थिति में 30 सेकेंड तक रहें। अब सांस छोड़ते हुए, सिर को धीरे-धीरे जमीन की ओर वापस नीचे लाएं।

**लाभ:** भुजंगासन पीठ और रीढ़ को मजबूत करने, अकड़न को कम करने और शारीरिक मुद्रा में सुधार करने में मदद करता है। यह पेट के अंगों को भी उत्तेजित करता है और पीरियड्स की परेशानी को दूर करने में मदद करता है।

## पवनमुक्तासन

**विधि:** इस आसन को करने के लिए सीधे लेट जाएं और धीरे से सांस छोड़ते हुए पैरों को मोड़ते हुए अपने पेट के पास लाएं। पेट पर दबाव बनाएं कुछ इस तरह कि आप अपने आपको गले लगा रही हैं। ऐसा करते समय सामान्य गति से सांस लेती रहें और धीरे-धीरे आसन से बाहर आते हुए समान्य अवस्था में आ जाएं।



**लाभ:** बढ़ती उम्र में पाचन संबंधी समस्याओं में पवनमुक्तासन करना फायदेमंद है।

## त्रिकोणासन



**विधि:** इस योग को करने के लिए मैट पर सीधा खड़े होकर अपने दोनों पैरों को जितना हो सके दूरी पर रखें। फिर दोनों हाथों को कंधों की सीध में रखकर एक हाथ की अंगुलियों से उसी तरफ के पैर के अंगूठे को छूने का प्रयास करें। इस मुद्रा में दो-तीन मिनट रखने के बार पुन: पहली वाली अवस्था में धीरे-धीरे आ जाएं। इस प्रक्रिया को दूसरी ओर से भी इसी तरह दोहराएं।

**लाभ:** इससे शारीरिक अकड़न दूर होती है।

प्रस्तुति: विधि गोयल

## ताड़ासन



**विधि:** इस आसन को करने के लिए सीधी खड़ी हो जाएं और पैरों को एक साथ रखें। अब हथेलियों को शरीर के पास रखें। गहरी सांस लेते हुए दोनों हाथों और शरीर को ऊपर की तरफ खीचें। इस स्थिति में 30-40 सेकेंड तक रुकें फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं। महिलाएं इस आसन को 3 मिनट तक कर सकती हैं।

**लाभ:** ताड़ासन करने से शरीर की मांसपेशियां स्ट्रेच होती हैं, रीढ़ का भी संतुलन बना रहता है। शारीरिक और मानसिक सेहत बेहतर रहती है।

कुछ लोगों की आदत होती है, वे जो होते नहीं हैं उससे ज्यादा अपने आपको पेश करते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि कभी ना कभी तो उनकी वास्तविकता सामने आएगी ही। तब वह अपनी विश्वसनीयता खो देंगे।

# झूठी शेखी दिखाने की आदत बिगाड़ती है आपकी छवि

बिहेवियर
अनीता जैन



हम सब अकसर ऐसे लोगों से मिलते हैं, जो अपने बारे में बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं, खुद को अधिक योग्य या सफल दिखाने की कोशिश करते हैं। इसे ही आम बोल-चाल में 'झूठी शेखी बघारना' कहते हैं। हालांकि ऐसा करके कुछ लोग अपना आत्मविश्वास प्रदर्शित करते हैं, लेकिन व्यावहारिक नजरिए से देखें तो यह आदत आगे चलकर हानिकारक साबित होती है। यह आदत न केवल हमारे रिश्तों को खराब करती है, हमारी छवि भी बिगाड़ती है। इतना ही नहीं यह आदत हमारे आत्मविकास और मानसिक शांति को भी प्रभावित करती है। हमें इस सच को मानना चाहिए कि सच्चाई, ईमानदारी और विनम्रता ही ऐसे गुण हैं, जो किसी व्यक्ति को दीर्घकालीन सफलता और सम्मान दिलाते हैं। झूठी शेखी दिखाने की बुरी आदत से और भी कई नुकसान हैं-



**टूटता है भरोसा:** झूठी शेखी बघारने से सामने वाले व्यक्ति का भरोसा जल्दी टूट जाता है। एक बार जब लोगों को यह आभास हो जाता है कि आप सच नहीं बोलती हैं तो वे आपसे दूरी बनाने लगते हैं। व्यावसायिक जीवन में यह और भी खतरनाक हो सकता है।

**अवसर गंवाने की संभावना:** कई बार लोग झूठी शेखी में यह जताते हैं कि उन्हें किसी चीज की आवश्यकता नहीं है या वे पहले से ही बहुत जानकार हैं। ऐसे में वे नई बातें सीखने के अवसर गंवा देते हैं या मदद मिलने से वंचित रह सकते हैं।

**तनाव और आत्मग्लानि:** झूठी शेखी को बनाए रखने के लिए लगातार झूठ बोलना पड़ता है, एक झूठ को ढंकने के लिए दूसरा-तीसरा झूठ बोलना पड़ता है। यह मानसिक तनाव का कारण बनता है। कभी ना कभी जब सच्चाई सामने आती ही है, इससे व्यक्ति को शर्मिंदगी और आत्मग्लानि होती है।

**आत्मविकास में रुकावट:** अगर कोई व्यक्ति लगातार अपनी झूठी तारीफ करता है, वह अपनी कमियों को पहचान ही नहीं पाता। जब तक आप अपनी कमजोरियों को जानते, स्वीकारते नहीं हैं, तब तक आप अपने आप में सुधार नहीं कर सकते हैं। झूठी शेखी व्यक्ति के आत्मविकास में भी रुकावट बनती है।

### बिगड़ते हैं रिश्ते

**जब कोई** व्यक्ति बार-बार खुद की झूठी तारीफ करता है या असत्य बातों से खुद को श्रेष्ठ दिखाने की कोशिश करता है, तो वह दूसरों को नीचा भी दिखा सकता है। इससे मित्रता, पारिवारिक और पेशेवर रिश्ते बिगड़ते हैं। लोग धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति से दूर हो जाते हैं, जो हर समय खुद की बड़ाई करता है।

## खबर संक्षेप

### अंशिका तंवर ने 560 अंक किए हासिल



**महेंद्रगढ़।** गांव भांडोर ऊंची निवासी अंशिका तंवर पुत्री सुनील तंवर ने नीट में 560 का स्कोर हासिल कर गांव का नाम रोशन किया हैं। अंशिका तंवर की पूरे गांव व परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। अंशिका ने कहा कि जीवन में पढ़ाई का बड़ा महत्व है और इस उपलब्धि का श्रेय पिता सुनील तंवर और माता पूनम देवी व गुरुजनों को दिया। सुनील तंवर ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है।

### नीट परीक्षा में अभिजीत ने प्राप्त की 970वीं रैंक



**सतनाली मंडी।** नीट परीक्षा में अभिजीत सिंह पुत्र उमेद सिंह ने जनरल कैटेगरी में 607 अंक प्राप्त कर 970वीं रैंक प्राप्त कर प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विकास पटवारी ने बताया कि अभिजीत सिंह ने अपनी सफलता श्रेय अपनी माता बलकेश, पिता उमेद सिंह, परिजनों व गुरुजनों को दिया। उनकी इस उपलब्धि पर कपूर सिंह, विकास पटवारी, चेतन सिंह, जगरूप आदि सहित अनेक ग्रामीणों ने बधाई दी।

### सोमेश शेहरावत ने नीट में हासिल किए 580 अंक



**नांगल चौधरी।** अकबरपुर के सोमेश शेहरावत पुत्र पदम सिंह ने 580 अंक लेकर नीट की परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। मेधावी छात्र को ग्रामीणों ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। परिजनों ने बताया कि सोमेश शेहरावत ने 2024 में पहली बार नीट की परीक्षा दी थी, जिसमें 635 अंक लेकर उत्तीर्ण किया था, लेकिन मेरिट सूची ऊंची रहने के कारण कॉलेज में दाखिला नहीं मिल पाया था। अबकी बार ऑल इंडिया स्तर पर 3461वीं व इडब्ल्यूएस कटेगरी में 284वीं रैंक लेकर सफलता हासिल की है। सोमेश शेहरावत की बड़ी बहन दिव्या जयपुर से बीटेक कर रही है।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन

# शहर को हरा-भरा बनाने के लिए लगाए जाएंगे 1500 पेड़

शहर में सभी पेड़ खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, पब्लिक हेल्थ, नगर पालिका व वन विभाग द्वारा लगाए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** अधिकारियों की मिटिंग लेते एसडीएम अनिल कुमार यादव। फोटो: हरिभूमि

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एसडीएम अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। एसडीएम ने कहा कि शहर को हरा-भरा बनाने के लिए 1500 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

पेड़ को लगाना ही नहीं बल्कि उसकी देखभाल करना भी हमारी जिम्मेवारी होगी। शहर में सभी पेड़ खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, पब्लिक हेल्थ, नगर पालिका व वन विभाग द्वारा लगाए जाएंगे।

बैठक में एसडीएम अनिल कुमार यादव ने शहर की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से आह्नान किया कि सभी संगठन व इच्छुक व्यक्ति ज्यादा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं व इस मुहिम में अपना सहयोग करें। जो भी इच्छुक व्यक्ति या संगठन अपना सहयोग देना चाहता है वह एसडीएम कार्यालय में संपर्क कर सकता हैं।

एसडीएम ने कहा कि पौधरोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक स्थायी धरोहर है। आमजन को अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने तथा अपने आस-पास के पर्यावरण को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा भी वर्षभर पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वन विभाग द्वारा भी लोगों को फ्री पौधे भी वितरित किए जा रहे हैं। नागरिक पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बीडीपीओ मनोज कुमार, महिला राजकीय महाविद्यालय से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मक्खन सिंह, राजकीय महाविद्यालय से डॉ. परिता यादव, बिजली वितरण निगम से एसडीओ सुनील कुमार, नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी, यदुवंशी स्कूल से पवन कुमार, सूरज स्कूल से नितिन शर्मा, आरपीएस स्कूल से मनीष कुमार, वन विभाग से नरेश, बागवानी विभाग से राधेश्याम, शिक्षा विभाग से राजेश कुमार के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# श्रीकृष्णा स्कूल के 69 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा की पाई सफलता

- श्रीकृष्णा स्कूल के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्वयं की उपलब्धि को दिया नया आयाम: बीरसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



विशाखा मनोज सानिया आशु पाल

बोर्ड परिक्षाओं में बेहतरीन परिणामों के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (नीट) यानी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में श्रीकृष्णा स्कूल के 69 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर हेड संदीप यादव ने बताया कि श्रीकृष्णा स्कूल के 69 विद्यार्थियों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (नीट) परीक्षा में क्वालीफाई किया है।

परीक्षा में विशाखा पुत्री सुरेंद्र यादव कुरहावटा ने 581 अंक, जय यादव पुत्री विजय वीर सिंह मांडोला ने 569 अंक, खुशी पुत्री महेंद्र सिंह कुरहावटा ने 568 अंक, सानिया पुत्री नरेंद्र जेरपुर ने 561 अंक, आशुपाल पुत्री अजय पाल जासावास ने 558 अंक, वंशिक पुत्र अशोक रिवासा ने 555 अंक, अनिशा पुत्री ईश्वर सिंह ने 551 अंक, मनोज पुत्र विक्रम सिंह जावां ने 529 अंक, मुस्कान पुत्री महेंद्र सिंह रिवासा ने 518 अंक व शुभम पुत्र महेंद्र कुमार ने 505 कैटेगरी सहित अन्य विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि नीट देश की मेडिकल विद्या की प्रतिष्ठित परीक्षा है। जो देश को नए प्रतिभावान व ऊर्जावान चिकित्सक प्रदान करती है।

यादव ने कहा कि श्रीकृष्णा स्कूल महेंद्रगढ़ कर्म की ही पावन भूमि नहीं, बल्कि उच्च आदर्श एवं संस्कारों की जननी है। हमने सदैव ही स्वयं से प्रतिस्पर्धा की है तथा स्वयं को ही सर्वश्रेष्ठ बनाया है। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि श्रीकृष्णा स्कूल ने अपनी सफलता की परंपरा को दोहराते हुए नीट की परीक्षा में नया इतिहास रच दिया है।

मेडिकल विज्ञान की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में श्रीकृष्णा स्कूल के 69 विद्यार्थियों ने मेघा सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम कक्षाओं में की कई गई सतत मेहनत का ही प्रयास हैं। प्राचार्य रवि प्रकाश ने कहा कि विद्यार्थी चिकित्सक बनकर एक अच्छे व सुदृढ़ समाज की स्थापना करेंगे वहीं समाज सेवा कर स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना सहयोग देंगे। अभिभावक शिक्षा के प्रति बेहद जागरूक हैं तथा श्रीकृष्णा ग्रुप उनके सपनों को साकार करने के लिए अनुभवी शिक्षकों को ग्रुप से जोड़कर विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचने में कोई कमी नहीं छोड़ रही है। इस मौके पर चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव, सीईओ कर्मवीर राव, डॉ. कविता राव, प्राचार्य रवि प्रकाश विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**महेंद्रगढ़।** परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते अभिभावक एवं स्टॉफ सदस्य।

### मॉडर्न स्कूल के दो छात्रों ने नीट परीक्षा में पाई सफलता

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में मॉडर्न स्कूल के दो विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। परीक्षा में निशु ने 552 (4748 रैंक) अंक व तरुण ने 515 (17237 रैंक) अंक प्राप्त किए। पिछले वर्ष हुई नीट परीक्षा में भी निशु ने 611 अंक प्राप्त किए थे। संस्था के चेयरमैन अमरजीत सिंह यादव, संस्था ने निदेशक राजकुमार यादव, हवा सिंह यादव, संस्था के प्राचार्य अनिल कुमार, वरिष्ठ अध्यापक रामसिंह, हेतराम तथा हेमंत कुमार ने बधाई देकर सम्मानित किया। संस्था के निदेशक राजकुमार यादव ने अभिभावकों और अध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अध्यापकों और अभिभावकों के सहयोग से यह सफलता प्राप्त हुई है। हमारे विद्यालय में जेईई, नीट, एनडीए, क्लैट, सीए फाऊंडेशन, सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय, स्पोर्ट्स स्कूल राई आदि प्रतियोगात्मक परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। हमारे विद्यालय से 10 विद्यार्थी नीट परीक्षा, आठ विद्यार्थी जेईई मेन परीक्षा, दो विद्यार्थी जेईई एडवांस, दो विद्यार्थी सीए फाउंडेशन परीक्षा, एक विद्यार्थी वेटरनरी सर्जन की परीक्षा, 71 विद्यार्थी सैनिक स्कूल, 12 विद्यार्थी स्पोर्ट्स स्कूल राई सोनीपत, 15 विद्यार्थी नवोदय विद्यालय आदि की प्रतियोगात्मक परीक्षा पास करके अच्छी शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा नीट परीक्षा में उच्चतर स्कोर न आने के कारण हमारे विद्यालय के दो विद्यार्थी बीएमएस व एक विद्यार्थी बीएससी नर्सिंग भी कर रहा है।

# नीट में बीआर ज्ञानदीप विद्यालय के विद्यार्थियों को रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास ने एकबार फिर नीट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस बार विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने अच्छे अंक अर्जित किए हैं। छात्रा अविसा पुत्री संदीप ने 572 अंक, खुशबू पुत्री राजकुमार ने 531 अंक, रचिता पुत्री सज्जन सिंह ने 487 अंक, तनुज पुत्र सुखबीर ने 480 अंक, अन्नु पुत्री महिपाल ने 458 अंक और दीपक पुत्र सुनील ने 450 अंक अर्जित किए हैं। भविष्य में ये सभी छात्र अच्छे चिकित्सक होकर जनसेवा करना चाहते हैं।

ज्ञानदीप विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, विशेष कोचिंग व्यवस्था सहित चेयरमैन रूपराम यादव एवं प्रधानाचार्य रामवीर यादव की प्रेरणा ने विद्यार्थियों की सफलता का मार्ग आसान किया। उनके नेतृत्व में विद्यालय हर साल नए कीर्तिमान स्थापना की परंपरा बनाए रखा हुआ है। गांव सहित अभिभावक ने छात्राओं व छात्रों, उनके परिश्रम, साथ ही विद्यालय की व्यवस्था पर गर्व किया हैं। शुभकामना दी हैं, और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ज्ञानदीप विद्यालय की इस अभूतपूर्व सफलता पर चेयरमैन रूपराम यादव, प्रधानाचार्य रामवीर यादव सहित समस्त स्टाफ, अभिभावक, छात्र-छात्राएं गर्व अनुभूत कर रहे हैं।

# राव जयराम विद्यालय की छात्रा ने नीट परीक्षा में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



छात्रा चाहत

राव जयराम विद्यालय की छात्रा चाहत पुत्री जगजीत सिंह ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय, माता-पिता और जिले का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा देशभर के लाखों छात्रों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा के साथ होती हैं। इसमें सफलता प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। चाहत शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उसकी कड़ी मेहनत, लगन और सकारात्मक दृष्टिकोण ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया। चाहत ने हमेशा अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखा और उसी दिशा में लगातार प्रयत्न करती रही। चाहत का सपना डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना है। उसने बताया कि वह शुरुआत से ही चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाना चाहती थी। उसके इस सपने को आकार देने में विद्यालय के साथ-साथ उसके माता-पिता का भी विशेष योगदान रहा है। उन्होंने हमेशा उसे प्रेरित किया, मानसिक और भावनात्मक रूप से सहयोग दिया। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि चाहत जैसे छात्रों की सफलता अन्य छात्रों को भी प्रेरणा देती है। विद्यालय निदेशक सुरेंद्र कुमार ने कहा कि वह एक अनुशासित, मेहनती और केंद्रित छात्रा थी।

# टैगोर स्कूल के 69 विद्यार्थियों ने नीट में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

टैगोर स्कूल के 57 विद्यार्थियों ने नीट में परचम लहराया हैं। मीडिया प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि नीट की परीक्षा हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराई जाती है, जिसका परीक्षा परिणाम गत दिवस घोषित किया गया, जिसमें टैगोर स्कूल की छात्रा ज्योति पुत्री गजराज सिंह 582 अंक, प्रियांशु पुत्र राजेंद्र 572 अंक, मुस्कान पुत्री सतीश 523 अंक प्राप्त किए।

इसके अलावा 38 विद्यार्थियों ने 500 से अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल के अन्य विद्यार्थी लक्षित पुत्री हंसराज, रश्मि पुत्री विजयपाल, इशिका पुत्री दिनेश, पारुल पुत्री इंद्रजीत, अश्विनी पुत्र धर्मवीर, वशिका पुत्री राजकुमार, दीपांशु पुत्र सीताराम, पारस पुत्र परविंद्र, गरीमा पुत्री धर्मेंद्र व स्नेह पुत्री जयदीप के साथ-साथ 69 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त की। विद्यालय की सीईओ डॉ. निशा यादव ने बताया कि अगर मन में दृढ़, इच्छा, संकल्प व लगन की भावना हो तो कोई भी छात्र या छात्रा अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता हैं।

चयनित छात्रों ने भी नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा को बिना किसी अतिरिक्त कोचिंग के शानदार अंकों के साथ पास करके अपने विद्यालय के साथ-साथ अध्यापक, माता-पिता और गांव का नाम रोशन किया हैं। चेयरमैन डॉ. बीएल यादव ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना कि और उन्होंने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी शानदार प्रदर्शन करके हर प्रतियोगी परीक्षा में नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते आ रहे हैं।

# जेजेपी में कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की अटूट परंपरा: भील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी



**नांगल चौधरी।** ग्रामीणों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते प्रधान प्रमोद ताखर, विनोद भील व हजारीलाल लंबोरा। फोटो: हरिभूमि

जजपा के हलका प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर की अध्यक्षता में प्रभारी विनोद भील ने नोलायजा में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया है। उन्होंने युवाओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया तथा संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 55 ग्रामीणों को पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दी गई। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों की कार्यकर्ता ही रीढ़ होते हैं, जिनके परिश्रम से सत्ता तक पहुंचना संभव होता है। पूर्व उप प्रधानमंत्री चौ. देवीलाल वर्करों को परिवार जैसा सम्मान दिया करते थे और सुख दुख में भागीदार रहते थे। उनकी लोकप्रियता पूरे देश में फैली हुई थी, जिसकी बदौलत उन्होंने उप प्रधानमंत्री पद तक पहुंचने में सफलता हासिल की है। उनके सिद्धांतानुसार डॉ. अजय चौटाला व दुष्यंत चौटाला ने भी वर्करों को प्राथमिकता देने की परंपरा बना रखी है। विधानसभा चुनावों में पराजय मिलने के बाद पार्टी सुप्रीमो ने विभिन्न कमजोरियों पर मंथन किया है तथा संगठन को मजबूत बनाने के मकसद से सदस्यता अभियान चलाया गया है। 30 जून तक चलने वाले सदस्यता मिशन के अंतर्गत प्रत्येक हलके से 20 हजार नए सदस्य जोड़ने का टारगेट रखा गया है। इसके बाद सक्रिय सदस्यों को संगठन में दायित्व सौंपने की योजना बनाई गई है। उन्होंने आसरावास, रायमलिकपुर, गोठड़ी, नियामतपुर, मौरूंड, नायन गांव में डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को पार्टी की सदस्यता दी गई। कार्यक्रम में पूर्व हलका प्रधान हजारीलाल लंबोरा, अमित कुमार, कंवर सिंह नंबरदार, सुरेश कुमार मौजूद रहे।

### करीरा के हरीश कुमार ने उत्तीर्ण की नीट की परीक्षा



**कनीना।** गांव करीरा निवासी विनोद कुमार के पुत्र हरीश कुमार ने हाल में जारी हुए नीट के परीक्षा परिणाम में 566 अंक प्राप्त कर 6427वीं ऑल इंडिया रैंक तथा ओबीसी रैंक 2582 प्राप्त की है। हरीश की इस उपलब्धि से परिजनों व ग्रामीणों ने खुशी जताई है। एडवोकेट संत कुमार ने बताया कि हरीश ने यह उपलब्धि हासिल कर गांव व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व शिक्षकों को दिया है। हरीश कुमार ने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला से उत्तीर्ण की थी। नीट परीक्षा की तैयारी घर पर रहकर स्वयं अध्ययन से की करते हुए मुकाम हासिल किया है। इस मौके पर शमशेर सिंह, डॉ. खेमचंद, प्रीतम सिंह, विजय सिंह ने बधाई दी।

## हकेंवि के एनसीसी कैडेट्स प्री थल सैनिक कैंप के लिए चयनित



आशुतोश भावना श्रुति

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई (16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल) के तीन कैडेट्स का चयन आगामी प्री थल सैनिक कैंप (प्री टीएससी कैंप) के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने चयनित कैडेट्स को बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की। कुलपति ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थी न केवल अनुशासन, नेतृत्व एवं आत्मनिर्भरता का गुण सीखते हैं, बल्कि उनमें राष्ट्र सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का भी विकास होता है। यह चयन कैडेट्स की कठिन मेहनत, समर्पण तथा विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए श्रेष्ठ मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रमेश कुमार तथा डिप्टी एएनओ नरेश कुमार ने चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि तीन हरियाणा बटालियन एनसीसी, हिसार द्वारा आयोजित कैंप में हकेंवि के तीन कैडेट्स का चयन आगामी प्री-थल सैनिक कैंप (प्री टीएससी कैंप) के लिए हुआ है। इनमें गणित विभाग में द्वितीय वर्ष की छात्रा श्रुति का चयन फायरिंग इवेंट के लिए, मनोविज्ञान विभाग में प्रथम वर्ष की छात्रा भावना का चयन स्वास्थ्य एवं सफाई के लिए तथा बीटेक-सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्रथम वर्ष के छात्र आशुतोष का चयन मेप रिडिंग के लिए हुआ है।

## नांगल नूनिया की 104 वर्षीय बुजुर्ग महिला जानकी देवी का निधन



**नांगल चौधरी।** दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित करते राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि।

**नांगल चौधरी।** नांगल नूनिया में 104 वर्षीय बुजुर्ग महिला जानकी देवी का निधन हो गया। मृतक का पैतृक गांव में दाहसंस्कार किया गया। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। आर्य समाज कमेटी के संरक्षक दयाराम यादव ने बताया कि जानकी देवी नांगल चौधरी ब्लॉक में सबसे बुजुर्ग महिलाओं की सूची में शामिल हैं। उन्होंने गोसेवा व पक्षियों के लिए दाना पानी प्रबंध को दैनिक दिनचर्या में शामिल रखा है। देहांत से पांच घंटे पहले तक नियमित रूप से नित क्रियाएं करती रही हैं। रात को करीब दो बजे अचानक सीने में दर्द महसूस हुआ, परिजन अस्पताल लेकर जाते उससे पहले ही दम तोड़ दिया। दिवंगत आत्मा के पीछे पुत्र कैलाशचंद, बाबूलाल, फतेहसिंह समेत भरापूरा परिवार है।

## भाजपा नारनौल में संकल्प से सिद्धि तक कार्यशाला किया आयोजन

# मोदी सरकार का कार्यकाल संकल्प से सिद्धि तक का स्वर्णिम कालः राकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



**नारनौल।** कार्यशाला को संबोधित करते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा। फोटो: हरिभूमि

नगर मंडल की संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम की कार्यशाला यादव सभा में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा एडवोकेट रहे। अध्यक्षता पूर्व प्रदेश सचिव मनीष मित्तल ने की व मंच संचालन नरेन्द्र झिमरिया ने किया। मुख्य वक्ता एडवोकेट राकेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में 11 साल विकास, विश्वास और सकारात्मक बदलाव को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी ने यह संकल्प लिया है कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं घर घर तक पहुंचे और हर पात्र लाभार्थी तक इनका लाभ सुनिश्चित हो।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से सिद्धि तक का स्वर्णिम काल बन रहा है। मोदी सरकार का यह कालखंड भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नये भारत की सोच में जहां तकनीक है, वहीं तरक्की है। उन्होंने कहा कि 11 वर्षों में भारत को विकसित बनाने का अमृतकाल की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त निर्णय लेने में सक्षम हो रहा है व आतंकवाद पर युद्ध जैसी कार्रवाई की जा रही है। ऑपरेशन सिंदूर इसका जीता जागता उदाहरण है।

उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, जन धन योजना और स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास, जल जीवन मिशन, पीएम जनधन योजना, आयुष्मान भारत आदि अनेक योजनाओं का उल्लेख किया।

मनीष मित्तल ने कहा कि इस कार्यकाल में देश का गौरव बढ़ा है। जिसका प्रमाण अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, सेना की सर्जिकल स्ट्राइक जैसे ऐतिहासिक कदम हैं। इस मौके पर विकास अग्रवाल, प्रवीण शर्मा, सुरेंद्र जैन, रमेश जांगड़ा, महेश सैनी, मनीष संघी, सुदर्शन बंसल, जगदीश दीवान, सपना गुप्ता, मंजू सोनी, सरोज बाला, सरोज कश्यप, जोगिंद्र जैदिया, संजय अमन, जगदीश दीवान, सतपाल शर्मा, सुरेश चौधरी, सुरेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### राव नेतराम स्कूल में विद्यार्थियों ने पाई नीट परीक्षा में सफलता

**नारनौल।** नीट की परीक्षा के घोषित परिक्षा परिणाम में राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के छात्रों ने शानदार परिणाम दिया है। प्राचार्य अनिता देवी ने विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए बताया कि खुशी पुत्री विक्रम सलीमपुर ने 583 व विशाल पुत्र नरेश सैदपुर ने 535 अंक लेकर सफलता प्राप्त की है। अथक प्रयास व कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय इस प्रकार के परिणाम समय समय पर देता रहा है। इस सफलता का श्रेय उन सभी को जाता है, जिन्होने प्रत्यक्ष या अप्रयक्ष रूप से अपनी भूमिका निभाई है। इस मौके पर प्रदीप, सतीश, मोनिका, सोनू, राजबाला, पूजा, सुमन, ज्योति, सुशीला, दीपक, समता, संजीव, सुरेखा आदि मौजूद थे।

**PUBLIC NOTICE**

I Suresh Kumar S/o Shri Ram Chander R/o Village Mirjapur Tehsil Narnaul Distt. Mahendergarh Haryana declare that my daughter 10th & 12th class certificate my name is mentioned as Suresh & my wife name mentioned as Poonam by mistake. my correct name is Suresh Kumar & my wife correct name is Poonam Devi. necessary correction as per rule.

**सूचना**

मैं, जीवनी पत्नी श्री विजय सिंह निवासी गांव सतनाली उपतहसील सतनाली व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करती हूं कि मेरा पुत्र रमेश मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। जिला अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सीईटी की आवेदन तिथि आगे बढ़ाने की मांग

**महेंद्रगढ़।** सीईटी की आवेदन तिथि को आगे बढ़ाने के लिए नंबरदार राजकुमार जांगड़ा की अध्यक्षता में भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र यादव को एक ज्ञापन सौंपा हैं। नंबरदार राजकुमार जांगड़ा ने बताया कि सरकार द्वारा सीईटी के लिए आवेदन शुरू किए थे, आवेदन शुरू होते ही पोर्टल में भी हमेशा तकनीकी समस्या रही व पोर्टल तो पूरी तरह से ठप रहा। जिससे बहुत सारे बचे आवेदन से वंचित रह गए, ये बच्चों के भविष्य का सवाल हैं। उन्होंने सरकार से मांग की हैं कि इस तिथि को बढ़ाए जाए, ताकि बच्चे दोबारा से आवेदन कर सके। उन्होंने बताया कि 28 मई को खोले गए सीईटी पोर्टल पर नए जाति प्रमाण पत्र की मांग के कारण सरल पोर्टल पूरी तरह से ठप हो गया था।

### भाजपा के संकल्प से सिद्धि विचार संगोष्ठी आज

**मंडी अटेली।** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर 17 जून अटेली में संकल्प से सिद्धि विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के कार्यालय अटेली में किया जाएगा। जानकारी देते हुए भाजपा अटेली मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा सरकार द्वारा पिछले 11 सालों में समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं चलाई है उनके बारे में विस्तार पूर्वक बताया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के अनेक कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### मंढाणा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 21 को

**नारनौल।** आगामी 21 जून को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंढाणा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता हवासिंह ने बताया कि यह शिविर स्वर्गीय मातादीन आर्य व उनकी पत्नी सरजा देवी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र सूबेदार हरिराम, मलखान सिंह, रामसिंह, कृष्ण कुमार व राजेन्द्र सिंह की ओर से आयोजित किया जाएगा। जिसमें बहरोड़ के प्रसिद्ध नेत्र रामसिंह, चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र यादव मरीजों की जांच करेंगे।

### आर्य समाज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 21 से

**कनीना।** आर्य समाज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव आगामी 21 व 22 जून को आयोजित किया जाएगा। कृष्ण प्रकाश यादव ने बताया कि राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कनीना के प्रांगण में आयोजित होने वाले इस समारोह में सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जाएगा। इस समारोह मे प्रसिद्ध कवि मोहन मनीषी के अलावा सोमदेव आर्य, भजनोपदेशिका अंजली आर्या शिरकत करेंगे।

### विशाखा ने नीट की परीक्षा में हासिल की सफलता

**महेंद्रगढ़।** गांव कुराहवटा निवासी विशाखा ने पहले प्रयास में राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 581 अंक प्राप्त किया है। विशाखा ने आल इंडिया रैंक में 3380 जबकि ओबीसी एनसीएल में उनकी रैंक 1232 प्राप्त की है। विशाखा की सफलता न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उसने विज्ञान विषयों (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी) में 99.84 प्रतिशत का कुल परसेंटाइल प्राप्त किए है। विशाखा का सपना है कि वह एक कुशल डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करें उनका मानना है कि ग्रामीण भारत को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उनके पिता पब्लिक हेल्थ महेंद्रगढ़ ब्रांच प्रधान सुरेंद्र फौजी ने बताया कि इस सफलता का श्रेय बेटी की मेहनत व गुरुजनों को जाता है। इस मौके पर परिवार जनों ने मिठाई बांटी।

---

### थम नहीं रहा अटेली और बेगपुर गांव का विवाद

# निर्माणाधीन स्टेडियम का बोर्ड तोड़ा, जमीन पर ठोका दावा

- अटेली में बेगपुर मंदिर की बताई जा रही 7 एकड़ जमीन।
- अटेली में जिप पार्षद की ग्रांड से बन रहा है स्टेडियम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली और बेगपुर के ग्रामीणों में पिछले दो सप्ताह से चल रहा विवाद बढ़ता जा रहा है। बेगपुर के लोगों द्वारा इसको लेकर चार दिन पूर्व एसपी से मुलाकात की थी। अटेली के लोगों का कहना है कि इस जमीन पर लगे खेल स्टेडियम के बोर्ड को ठाकुर जी महाराज मंदिर ट्रस्ट के लोगों ने हटा दिया। गांव बेगपुर में ठाकुर जी महाराज का मंदिर बना हुआ है। ग्रामीण व मंदिर कमेटी के अनुसार इस मंदिर की सात एकड़ जमीन अटेली गांव में भी पड़ती है। इस जमीन पर अटेली की पंचायत द्वारा स्टेडियम बनाया जा रहा है। इसको लेकर गत दिनों बेगपुर गांव के लोगों व ठाकुर मंदिर कमेटी के लोगों ने एसपी व डीसी से भी मुलाकात की थी। वहीं अब ठाकुरजी मंदिर के जमीन में खेलों को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत अटेली द्वारा गांव में बनाए गए खेल स्टेडियम के संकेतक बोर्ड को तोड़ने पर अटेली ग्राम पंचायत व ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया है।



मंडी अटेली। गांव में स्टेडियम के लिए खेत में की गई तारबाड़। फोटो : हरिभूमि

#### थाने पहुंचे ग्रामीण, कार्रवाई की मांग

*अटेली के सरपंच देवेन्द्र देवा समेत गांव के सैकड़ों लोगों ने अटेली थाने में पहुंचकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इससे पहले गांव में स्टेडियम को नुकसान पहुंचाने पर पंचायत हुई थी, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि खेल मैदान को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ पुलिस व प्रशासन कड़ी व त्वरित कार्रवाई करे। अटेली गांव में खेल स्टेडियम बनने से ग्रामीणों के साथ युवाओं में खुशी का माहौल बना हुआ था। जिला प्रमुख राकेश ने भी अटेली गांव व स्टेडियम के पक्ष में पहुंच कर कहा कि जिला पार्षद के कोटे से खेल मैदान का निर्माण किया गया है।*

#### शांतिपूर्ण प्रदर्शन रहेगा जारी

अटेली गांव के सरपंच देवेंद्र देवा, विक्रम एडवोकेट, महेन्द्र डाक्टर, नंबरदार लक्ष्मी नारायण, शिवराज, रोहिताश, अनिल कुमार, रणबीर पंच, महेश पंच, हनुमान पंच, संजीव कुमार आदि ने बताया कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वे खेल स्टेडियम में शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करेंगे। स्टेडियम बनाने पर मंदिर के महंत व बेगपुर ग्राम पंचायत द्वारा विरोध करने पर मामला मंत्री आरती राव के अटेली कार्यालय और एसपी के पास पहुंच गया था। बताया जाता है कि बेगपुर के ग्रामीणों द्वारा खेल स्टेडियम के गेट व मैदान को ट्रैक्टर से समतल करने पर दोनों गांवों में तनाव बढ़ गया है। हालांकि मंत्री आरती राव के सचिव गोविंद गोस्वामी द्वारा दोनों ग्राम पंचायतों को समझाने पर मामला काफी सुलझ गया था, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों के बीच में आने से मामला एकबार फिर बिगड़ गया है। अटेली के सरपंच देवेंद्र देवा ने कहा कि ग्राम पंचायत खेलों को बढ़ावा देने के लिए क्रीड़ा स्थल बनाया है। ट्रैक्टर चलाकर स्टेडियम समतल करने और संकेतक बोर्ड तोड़ने से अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। ग्राम पंचायत अटेली का कहना है कि ने बीडीपीओ की अनुमति लेकर वैध तरीके से कार्य कर स्टेडियम को बनाया गया है। यह खेल स्टेडियम सभी के लिए है ना कि इसमें केवल अटेली के ग्रामीण व युवा ही खेलेंगे, अटेली से सटे हुए बेगपुर के युवा भी अपनी खेल क्रीड़ा कर सकेंगे। इस मामले में पड़ोसी गांव बेगपुर को शांतिपूर्ण सहयोग करना चाहिए। ठाकुरजी मंदिर के महंत व महामंडलेश्वर रामेश्वर दास ने कहा कि यह जमीन उनके मंदिर की है। इस मामले में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस इस मामले पर नजर रखे हुए है। नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा।

---

### राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता

# पंचकूला में 27 से 29 जून तक

- कल यादव धर्मशाला महेंद्रगढ़ में जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा खेल विभाग की ओर से 27 से 29 जून तक पंचकूला में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता पुरुष व महिला विभिन्न आयु वर्ग का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले 18 जून को सुबह आठ बजे यादव धर्मशाला महेंद्रगढ़ में जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

यह जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य में स्थापित विभागीय प्रशिक्षकों के बॉक्सिंग केंद्रों, निजी बॉक्सिंग प्रशिक्षण केंद्रों, शिक्षण संस्थाओं तथा कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले मुक्केबाज को अपने जिले से संबंधित जिला का रिहाइसी प्रमाण पत्र या बिजली का बिल, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट तथा बैंक अकाउंट की कॉपी व एक पासपोर्ट साइज फोटो आदि दस्तावेज दिखाने होंगे। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता सीनियर स्तर की है। इसमें जिला महेंद्रगढ़ की तरफ से विभिन्न भार वर्गों में राज्य स्तर पर 20 खिलाड़ियों के हिसाब से खिलाड़ी भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता से संबंधित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए बॉक्सिंग प्रशिक्षक मोनिका के मोबाइल नंबर 8295727043 पर संपर्क कर सकते हैं।

#### सीनियर महिला भार वर्ग

*कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू ने बताया कि सीनियर महिला भार वर्ग में 45 से 48 किलोग्राम, 51 किलोग्राम, 54 किलोग्राम, 57 किलोग्राम, 60 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 70 किलोग्राम, 75 किलोग्राम, 80 किलोग्राम व 80 किलोग्राम से ऊपर भार वर्ग की प्रतियोगिता करवाई जाएगी।*

#### सीनियर पुरुष भार वर्ग

*कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू ने बताया कि सीनियर पुरुष भार वर्ग में 47 से 50 किलोग्राम, 55 किलोग्राम, 60 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 70 किलोग्राम, 75 किलोग्राम, 80 किलोग्राम, 85 किलोग्राम, 90 किलोग्राम व 90 किलोग्राम से ऊपर भार वर्ग की प्रतियोगिता करवाई जाएगी।*

---

# जैलाफ में पेयजल की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। गांव जैलाफ में पानी के अभाव में सूखी टंकी। फोटो : हरिभूमि

गांव जैलाफ के वार्ड नंबर पांच में दुलीचंद के घर से पंच प्रतिनिधि कैलाश के घरों तक पिछले एक महीने से पाइप लाइन में पानी नहीं आने व वार्ड नंबर पांच में राजबाला पंच के घर के पास वाली टंकी में पिछले तीन महीनों से पानी नहीं होने से पेयजल की समस्या उठानी पड़ रही है। पेयजल की समस्या से परेशान मोहल्ले वासियों ने पेयजल समस्या समाधान के लिए बीडीपीओ पत्र भेजकर गर्मी के मौसम को देखते हुए तत्काल समाधान की मांग की। वार्ड नंबर पांच से पंच राजबाला ने बताया कि वार्ड व मोहल्ले में पेयजल का गम्भीर संकट है। रिटायर्ड सूबेदार मेजर दाताराम ने बताया कि घरों में लगे पाइप लाइन में एक महीने से पानी नहीं आ रहा और न ही इस वार्ड की टंकी में पानी नहीं है। लिहाजा लोगों को विशेष रूप से महिलाओं को इस भंयकर गर्मी में पानी की भारी किल्लत है। मजबूरी में कई बार मोल का पानी लेना पड़ता है। पंच प्रतिनिधि कैलाश चन्द ने बताया कि मौखिक व लिखित रूप से कई बार ग्राम सचिव व सरपंच को भी पेयजल समस्या समाधान हेतु निवेदन कर चुके हैं।

---

### गैंगस्टर बेखौफ, वारदातों को दे रहे अंजामः खातोद

**महेंद्रगढ़।** जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार खातोद ने हरियाणा में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और बेरोजगार युवाओं के साथ हो रहे अन्याय को लेकर राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला है। मुख्यमंत्री को निशाने पर लेते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में गैंगस्टर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस-प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। उन्होंने सोमवार पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरकार पर आरोप लगाया कि शराब कारोबारियों को सरेआम धमकियां दी जा रही हैं, गोलियां चलाई जा रही हैं और फिरौती मांगी जा रही है। कुरुक्षेत्र, जींद, गुरुग्राम, महम, हिसार और हांसी में हुई घटनाओं का हवाला दिया।

# समाधान शिविर से लोगों को मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार की ओर से नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरू किए गए समाधान शिविर एक उत्कृष्ट पहल साबित हो रहे हैं। जिनसे आम जनता को बड़ी राहत मिल रही है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने सोमवार को लघु सचिवालय के कमरा नंबर 118 में आयोजित समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों को पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों से लोगों का सरकार व जिला प्रशासन पर विश्वास मजबूत हो रहा है, जिसे बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाधान शिविर में 84 नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। डीसी ने बताया कि इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लगातार फॉलोअप किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हर शिकायत का गंभीरता से और समय पर समाधान हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक शिकायत का पूर्ण गंभीरता के साथ निपटान करें। डॉ. भारती ने नागरिकों से अपील की है कि वे हर सोमवार व वीरवार सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले इन समाधान शिविरों का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का त्वरित निदान करवाएं। यह सुविधा राज्य सरकार की जनहितैषी नीतियों का एक बड़ा प्रमाण है।

---





नारनौल। सीएमओ डॉ. अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### जियो फेंसिंग हाजिरी व्यवस्था के विरोध में एमपीएचई एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

*नारनौल। जियो फेंसिंग हाजिरी व्यवस्था के विरोध में सोमवार को एमपीएचई एसोसिएशन ने जिला प्रधान धर्मवीर यादव के नेतृत्व में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला प्रधान धर्मवीर यादव ने बताया सरकार तुगलकी फरमान जारी कर रही है। सरकार ने जियो फेंसिंग एप वापस नहीं लिया, तो स्वास्थ्य कर्मचारी कोई बड़ा निर्णय लेने पर विचार करेंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार सिविल सर्जन की ओर से जिलेभर के सभी नियमित व अनुबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों को जियो फेंसिंग एप पर हाजिरी दर्ज करने बारे निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त अव्यवहारिक व निजता के कानून का हनन करने वाले निर्णय के विरोध में सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा गया।*

---

# सांसद ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

- बिजली निगम का स्टोर खोलने की रखी मांग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बिजली निगम का स्टोर खुलवाने के लिए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात की। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि जिला महेंद्रगढ़ की एक सिरे से दूसरे सिरे की दूरी लगभग 70 किलोमीटर पड़ती है। बिजली निगम के डिवीजन महेंद्रगढ़ में पिछले दस सालों में घरेलू सप्लाई के लगभग 19 हजार और कमर्शियल सप्लाई के लगभग 4500 कनेक्शन जारी किए गए हैं।



महेंद्रगढ़। सांसद को मांग पत्र सौंपते संदीप मालड़ा। फोटो : हरिभूमि

खेती के लिए लगभग 1150 कनेक्शन तो जारी किए जा चुके हैं तथा 572 नए ट्यूबवेल कनेक्शन की लाइन बिछाने का कार्य तेजी से जारी है। इस प्रकार कुल 1625 नए ट्यूबवेल कनेक्शन हो जाएंगे। निगम का काम इतना बढ़ गया है कि अप्रैल 2021 में तीन नए सब डिवीजन भी बनाने पड़े हैं। ये हैं सतनाली, बुचावास व आकोदा। विभाग का काम इतना बढ़ जाने व जिले का क्षेत्रफल भी इतना अधिक होने के बावजूद भी अभी तो जिले में बिजली निगम का एक ही स्टोर है। हरियाणा में चार जिले ऐसे भी हैं जहां एक से अधिक स्टोर है। ये जिले हैं जींद, फतेहाबाद, सिरसा व हिसार। दिल्ली निवास पर सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। सांसद ने इस पर अपनी सैद्धांतिक सहमति जताते हुए हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज को पत्र लिखकर इन सभी तथ्यों का हवाला देते हुए महेंद्रगढ़ में भी बिजली निगम का स्टोर खोलने का निवेदन किया है। सांसद ने लिखा है कि इससे किसान के साथ आमजन को भी समय पर व अच्छी सुविधा होगी। इसका लाभ महेंद्रगढ़ के साथ कनीना उपमंडल के लोगों को भी होगा। संदीप मालड़ा ने कहा कि आशा है बिजली निगम जल्द इस बारे सकारात्मक कदम उठाएंगा।

---

# लड़ाकू विमान उड़ाएगा आर्यन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री गौड ब्राह्मण सभा अटेली मंडी की ओर से आर्यन कौशिक का फ्लाइंग ऑफिसर फाइटर पायलट की ट्रेनिंग पूरी करके अटेली मंडी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली मंडी ने आर्यन कौशिक को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर श्री गौड़ ब्राह्मण सभा अटेली मंडी के प्रधान धर्मेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि आर्यन कौशिक ने अपने दादा स्व. भोलाराम कौशिक, गांव, परिवार व ब्राह्मण समाज का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि जब भी कोई समाज का बच्चा प्रतियोगी परीक्षा में उत्तीर्ण होता है, तो सभा की ओर से उसे सम्मानित किया जाता है, ताकि



नारनौल। आर्यन कौशिक को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अन्य बच्चों को प्रेरणा मिल सके। अटेली मंडी पहुंचने पर आर्यन कौशिक को ढोल बाजे डीजे व विशाल जुलूस के साथ पुष्प वर्षा करते हुए उनके घर लाया गया। स्वागत करने वालों में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे, सभी ने फूलमाला, गुलदस्ते, उपहार आदि देकर सम्मान किया। पूरे अटेली क्षेत्र में हर्ष का माहौल है, परिवार को बहुत खुशी है, उनकी माता रीना कौशिक व पिता संजय कौशिक ने बताया कि घर में हर्ष का माहौल है। आज हमें बहुत खुशी है कि बेटा आर्यन कौशिक फ्लाइंग ऑफिसर फाइटर पायलट बना है।

---

**कार्यक्रम** यादव धर्मशाला में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम पर विचार संगोष्ठी का आयोजन

# विकसित भारत के विजन से देश बढ़ रहा है आगेः कंवर सिंह यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

केंद्र में बीजेपी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में यादव धर्मशाला में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के मुख्यवक्ता भाजपा के प्रदेश उपाध्याक्ष सतीश नांदल, विधायक कंवर सिंह यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ. यतेंद्र राव रहे। सकंल्प सिद्धि कार्यक्रम का मंच संचालन योगेश शास्त्री ने किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा सतीश नांदल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

बीजेपी पार्टी आपके बीच रहकर आपके विचारों पर कार्य करती है। यह विकसित भारत का अमृतकाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि सुधार, महिला सशक्तिकरण पर जोर देने के साथ ही युवाओं के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरू किया गया। जब कोरोना के समय में विश्व में महंगाई जोर पकड़ रही थी और आर्थिक विकास की गति कम हो रही थी, इसके उलट भारत में आर्थिक वृद्धि तेज और महंगाई कम रही। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन, संकल्प और उनकी सोच के कारण संभव बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आत्मा को रखा सबसे ऊपर यानी गरीबों को सबसे ऊपर रखा, जिसमें बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं अब सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, बल्कि सम्मान और आत्मविश्वास का आधार बन गई हैं। नांदल ने बताया कि हमारी सरकार ने बिना पर्ची खर्ची युवाओं को नौकरी देने का काम किया है। विधायक ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के विजन के साथ देश आगे बढ़ रहा। 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार को बने हुए 11 वर्ष पूरे हो गए। किसानों की आय बढ़ाना, खेती की लागत कम करना और बीज से लेकर बाजार तक किसानों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। विकसित भारत 2047 का लक्ष्य भारत को उसकी आजादी के 100वें वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है। बीजेपी सरकार में राम मंदिर बनाने का सपना पूरा किया। ये हमारी सरकार है जिसने लोगों के सपने को साकार करने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिस्टम को सेवा में बदलने का काम किया है। कार्यक्रम के अंत मे अहमदाबाद विमान हादसे में दो मिनट का मौन धारण किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधीर दीवान, किसान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल, मोहन लाल, भागीरथ शेखावत, जिला प्रमुख राकेश कुमार, यादव सभा प्रधान अभय राम यादव, मंडल के अध्यक्ष दीपिका माजरा खुर्द, अशोक यादव नांगल सिरोही, संदीप बचीनी, रवि जड़वा प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष, सुनील अग्रवाल, चंद्रकला खातोद, अधिवक्ता मोती सिंह, रणधीर सिंह आदलपुर, अविनाश डाबला, प्रवीण कुमार, सोमवीर खातोद, कैप्टन सुरेश कुमार, संदीप मालड़ा, अजय खेड़ा, प्रदीप लावन, विष्णु पाली, सत्यवीर सिंह आदि भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।